19-11-2026_Layout 1 20-11-2026 00:51 Page 1



jalandharcitylive.com | jalandharcitylive | jalandharcitylive | jalandharcitylive

जालंधर

24 घंटे 365 दिन सिटी लाइव न्यूज

अनमोल वचन

"जब मनुष्य का मन शांत होता है, तभी वह सच्ची खुशी पाता है।"

वर्ष:5 | अंक : 290 | पृष्ठ:4 | मूल्य: 5 रुपये | जालंधर, शुक्रवार 20 नवम्बर, 2026 | संपादक: रमेश चन्द्र नेय्यर: 9855559913

St. Soldier GROUP OF INSTITUTIONS SINCE 1958

EDUCATION | DISCIPLINE | EXCELLENCE

64 YEARS OF EXCELLENCE — More Than Just Education... — 2000+ Merit Positions in 10th, 12th, Graduation & Professional Courses

➤ FREE BUS SERVICE FOR ALL COLLEGE STUDENTS FOR ALL ROUTES
➤ FREE SPORTS & GYM FACILITIES ◄

CANADIAN PATHWAY PROGRAMS

ENGINEERING (B.Tech - M.Tech*)
• Mechanical Engg. • Electrical Engg. • Civil Engg. • Computer Science Engg. • Electronics & Communication Engg. • Tool Engg. (Automobile Engg.)

HOTEL MANAGEMENT
• B.Sc. Hotel & Hospitality Administration • M.Sc. Hotel Management • Bachelor of Hotel Management & Catering Technology • ITI (Certificate in Food Production, Front Office, Bakery, F&B)

PARAMEDICAL / PHARMACY PHYSIOTHERAPY
• D. Pharmacy • B. Pharmacy • B.Sc. Medical Lab Science • D. Pharmacy • Diploma in M.L.T. • M.Sc. M.L.T. • B.Sc. Nursing • B.Sc. Operation Theatre Technology • B.Sc. Radiology • Imaging Technology • B.Sc. Cardiac Care • B.Sc. Optometry

LAW
• B.A.LL.B. (5 Years) • LL.B. (3 Years) • B.Com LL.B. (5 Years) • LL.M.

POLYTECHNIC DIPLOMA
• Mechanical • Civil • Electrical • Computer Engg. • Automobile • Electronics & Communication

MANAGEMENT & COMMERCE
• B.B.A. • B.Com • B.Com (Hons.) • M.Com • M.B.A. • Diploma in Business Management

DEGREE COURSES
• B.A. • B.Com. • B.C.A. • B.Sc. • B.Sc. (IT)

MEDIA & FASHION
• B.A. (Media & Communication) • B.Sc. Fashion Designing

INFORMATION TECHNOLOGY
• MCA • B.C.A. • B.Sc. (IT) • PGDCA

NURSING TRAINING
• General Nursing & Midwifery (GNM)

ADMISSION OPEN

ARCHITECTURE
• B. Architecture • B.Sc. Interior Designing • B.Voc Interior Designing

TEACHER / PHYSICAL EDUCATION
• BPES • B.P.Ed. • D.P.Ed. • M.P.Ed.

INDUSTRIAL TRAINING INSTITUTE
• Electrician • COPA • Welder • Carpenter • Plumber • Vehicle Motor Mechanic • Architecture Draughtsman • Diesel Mechanic • Refrigeration & A.C.

/stsoldiergroup | www.stsoldiergroup.com

LATERAL ENTRY ADMISSION INTO SECOND YEAR AVAILABLE
NOW ANIMATION AND SOCIAL MEDIA COURSES AVAILABLE

ORP. OFFICE : 680-4 MODEL TOWN, JALANDHAR
9814003681 | 9814003652 | 9814343025 | 9914464565

नितिन कोहली ने बर्ल्टन पार्क का किया निरीक्षण

अधिकारियों के साथ विकास कार्यों की प्रगति का लिया जायजा

- कोहली ने गुणवत्तापूर्ण निर्माण, समयबद्ध कार्य पूरा करने और बेहतर समन्वय पर दिया जोर, बर्ल्टन पार्क को जालंधर के विश्वस्तरीय खेल केंद्र के रूप में विकसित करने का लक्ष्य



जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/सिद्धू। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए जालंधर केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार नितिन कोहली ने बर्ल्टन पार्क का दौरा कर वहां चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान कोहली ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर जालंधर के उपायुक्त वरजीत वालिया, नगर निगम आयुक्त सुरिंदर सिंह, परियोजना से जुड़े निर्माणकर्ता और नगर निगम के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस निरीक्षण का उद्देश्य विकास कार्यों की वर्तमान स्थिति का आकलन करना, संबंधित पक्षों से प्रतिक्रिया लेना और कार्यान्वयन से जुड़ी एजेंसियों तथा जिला प्रशासन के बीच बेहतर तालमेल सुनिश्चित करना था। इस दौरान परियोजना के विभिन्न हिस्सों में हो रहे कार्यों की प्रगति और निर्माण एवं बुनियादी ढांचे के निर्धारित मानकों को बनाए रखने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई।

अधिकारियों और निर्माणकर्ताओं से बातचीत करते हुए कोहली ने कहा कि बर्ल्टन पार्क जालंधर के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेष रूप से इसलिए क्योंकि इस शहर का खेलों से पुराना नाता रहा है और यहां से राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले अनेक खिलाड़ी निकले हैं।

इस अवसर पर नितिन कोहली ने कहा, ÷बर्ल्टन पार्क केवल एक अन्य विकास परियोजना नहीं है, बल्कि यह जालंधर और यहां के लोगों की खेल संबंधी आकांक्षाओं का प्रतीक है। हमारे शहर की खेलों में गौरवशाली विरासत रही है, विशेष रूप से हॉकी में, और यह महत्वपूर्ण है कि हम ऐसी आधुनिक सुविधाएं तैयार करें, जो हमारी युवा पीढ़ी को इस विरासत को आगे बढ़ाने में सक्षम बनाएं। इस खेल केंद्र का विकास शहर के खेल ढांचे को नई दिशा दे सकता है और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान कर सकता है। उन्होंने परियोजना से जुड़े सभी पक्षों के बीच बेहतर तालमेल बनाए रखने के महत्व पर भी जोर दिया। कोहली ने आगे कहा, ÷मैंने निर्माण स्थल का दौरा कर स्वयं कार्यों की प्रगति का जायजा लिया है और यह समझने का प्रयास किया है कि वहां किस प्रकार काम किया जा रहा है। इस स्तर की परियोजनाओं के लिए निरंतर निगरानी, उचित योजना और सामूहिक जिम्मेदारी आवश्यक है। प्रशासन, नगर निगम, निर्माणकर्ताओं और सभी संबंधित एजेंसियों को आपसी तालमेल के साथ काम करना चाहिए, ताकि कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ सके। गुणवत्ता के साथ किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए और परियोजना के प्रत्येक पहलू को लोगों के दीर्घकालिक हितों को ध्यान में रखते हुए पूरा किया जाना चाहिए।



- अब बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान निशाने पर, बाबा सिद्दीकी जैसा अंजाम भुगतने की चेतावनी
- यह धमकी कथित तौर पर वांछित जीशान अख्तर के नाम से दी गई , मुंबई पुलिस द्वारा धमकी की वास्तविकता का पता लगाया जा रहा है
- अभिनेता तुषार कपूर व आयुष्मान खुराना को मिल चुकी है धमकी, मशहूर हस्तियों को धमकियां देने को एआई तकनीक का सहारा लिया

जालंधर सिटी लाइव

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने वीरवार को इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह धमकी कथित तौर पर जीशान अख्तर के नाम से दी गई है, जो एनसीपी (NCP) नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड का एक वांछित आरोपी है। पुलिस अब सैफ अली खान को मिले इस नए धमकी भरे संदेश के तार उसी मामले और अन्य संभावित एंगल से जोड़कर देख रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है और धमकी की वास्तविकता का पता लगाया जा रहा है। एक अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने जानकारी दी कि इससे पहले बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर और आयुष्मान खुराना को भी इसी तरह के धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं। गौरतलब है कि ऐसे ही एक पुराने मामले में मुंबई पुलिस ने बेंगलुरु निवासी 30 वर्षीय आईआईटी (IIT) ग्रेजुएट वैभव मिश्रा को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि किसी आपराधिक गिरोह से कोई संबंध न होने के बावजूद उसने मशहूर हस्तियों को धमकियां देने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तकनीक का सहारा लिया था।

2024 अक्टूबर को हुई बाबा सिद्दीकी की हत्या

उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर 2024 की रात मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। तीन हमलावरों ने इस वारदात को उस समय अंजाम दिया था, जब वे अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के दफ्तर के बाहर मौजूद थे। जांच अधिकारी फिलहाल इस पहलू की पड़ताल कर रहे हैं कि क्या यह वॉयस मैसेज वाकई फरार आरोपी जीशान अख्तर की ओर से भेजा गया है, या फिर कोई शरारती तत्व उसके नाम का इस्तेमाल कर साजिश रच रहा है।

मेयर वनीत धीर-पत्नी श्वेता धीर ने लिया डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों से आशीर्वाद, मुलाकात को बताया यादगार

वनीत धीर ने कहा- बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त करना उनके और उनकी पत्नी के लिए बेहद सुखद एवं यादगार अनुभव

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादल। आम आदमी पार्टी के जालंधर नॉर्थ हलका से उम्मीदवार और मेयर वनीत धीर ने आज अपनी पत्नी पूर्व पार्षद श्वेता धीर के साथ डेरा ब्यास के आध्यात्मिक प्रमुख परम पूजनीय बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों जी से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। वनीत धीर ने कहा कि बाबा जी से आशीर्वाद प्राप्त करना उनके और उनकी पत्नी के लिए बेहद सुखद एवं यादगार अनुभव रहा। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक अवसर व्यक्ति को अपने संस्कारों से जुड़े रहने और जीवन में सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर वनीत धीर और उनकी पत्नी श्वेता धीर ने बाबा जी के प्रति अपनी श्रद्धा और सम्मान व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बाबा जी का सानिध्य और आध्यात्मिक मार्गदर्शन मन को शांति प्रदान करने के साथ-साथ जीवन में अच्छे कर्म करने और मानवता की सेवा के लिए प्रेरित करता है। मुलाकात के दौरान वनीत धीर ने कहा कि जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों का विशेष महत्व है। प्रेम, विनम्रता, सादगी, भाईचारा और निःस्वार्थ सेवा जैसे सिद्धांत न केवल व्यक्ति को बेहतर इंसान बनाते हैं, बल्कि समाज में आपसी सद्भाव और एकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा केवल किसी पद या जिम्मेदारी तक सीमित नहीं होती, बल्कि इसका वास्तविक अर्थ जरूरतमंदों की सहायता करना, हर व्यक्ति का सम्मान करना और बिना किसी भेदभाव के समाज की भलाई के लिए काम करना है। वनीत धीर ने बाबा जी का आभार व्यक्त करते हुए सभी के जीवन में सुख-शांति, समृद्धि, अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। अंत में डेरा ब्यास की आध्यात्मिक परंपरा और मानवता के कल्याण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए वनीत धीर ने कहा कि डेरा ब्यास हमेशा से प्रेम, शांति, सद्भाव और निःस्वार्थ सेवा की भावना का संदेश देता रहा है। यहां मिलने वाली आध्यात्मिक प्रेरणा इंसान को जाति, धर्म और सामाजिक भेदभाव से ऊपर उठकर मानवता को सर्वोपरि रखने की सीख देती है। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक संस्थान समाज में आपसी भाईचारे, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



जालंधर के फिल्लौर में शेरां वाला गेट के पास बड़ा हादसा टला

जालंधर में 18 टायरों वाले ट्राले की ट्रक से टक्कर, हादसे के बाद हाईवे पर लगा भारी जाम

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/जतिन : जालंधर के फिल्लौर में शेरां वाला गेट के पास 18 टायरों वाला ट्राला एक गाड़ी से टकरा गया। इस हादसे में ट्राले का केबिन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिस कारण हाईवे पर 5 किलोमीटर तक जाम लग गया पर गनीमत रही कि इस हादसे में किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ। हादसे की जानकारी मिलते ही स्स्स्न टीम पहुंची। स्स्स्न के जवानों ने ट्रैफिक सुचारू करने के लिए वाहनों को वैकल्पिक रास्तों से डायवर्ट करना शुरू किया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा बुधवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे हुआ। ट्राला ड्राइवर तीर सिंह ने बताया कि वह बासमती चावल लोड करके हरियाणा के करनाल जा रहा था। जैसे ही वह फिल्लौर के शेरां वाला गेट के पास पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दी। जिस कारण ट्राला बेकाबू हो गया और आगे चल रहे ट्रक से टकरा गया। हादसे के बाद ट्राले का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।



हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार

ड्राइवर तीर सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर फरार हो गया। ट्राले में मैं सिर्फ अकेला था और समझ नहीं आया कि आगे वाले ट्रक ड्राइवर ने क्यों ब्रेक लगाई। हादसे के बाद फिल्लौर से लुधियाना की तरफ जाने वाले रास्ते पर गाड़ियों की लंबी कतारें लग गईं। जिससे करीब 5 किलोमीटर तक भारी जाम लग गया। बीच सड़क पर खड़े क्षतिग्रस्त ट्रॉले को किनारे हटाने के लिए बड़ी हाइड्रा मशीनों और क्रेन को मौके पर बुलाया गया।

पंजाब के फतेहगढ़ चूड़िया में एक दर्दनाक सड़क हादसा

शहर के जाने-माने बड़े कारोबारी की गई जान, पुराने बस स्टैंड के पास हुआ भीषण सड़क हादसा

- स्विफ्ट कार की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई
- इकबाल टीवी सेंटर के मालिक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया
- शहर के व्यापारी वर्ग और स्थानीय लोगों में शोक की लहर

जालंधर सिटी लाइव

फतेहगढ़ चूड़िया। पंजाब के फतेहगढ़ चूड़ियां में एक दर्दनाक सड़क हादसे में शहर के जाने-माने कारोबारी इकबाल सिंह की जान चली गई। हादसा पुराने बस स्टैंड के पास हुआ, जहां उनकी स्विफ्ट कार की एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से जोरदार टक्कर हो गई। मृतक इकबाल सिंह इकबाल टीवी सेंटर के मालिक थे। हादसे के तुरंत बाद घायल इकबाल सिंह को इलाज के लिए अस्पताल ले जाने की व्यवस्था की गई, लेकिन उन्होंने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। उनकी अचानक मौत की खबर से शहर के व्यापारिक वर्ग और स्थानीय लोगों में शोक की लहर फैल गई। इस दुखद घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। जानकारी अनुसार, इकबाल सिंह स्विफ्ट कार में सवार होकर रविदास चौक से पुराने बस स्टैंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान मजीठा रोड की तरफ से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी कार की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर-ट्रॉली कार को दूर तक घसीटते ले गई।



कारोबारी जगत में शोक की लहर

इकबाल सिंह की मौत की खबर सामने आते ही फतेहगढ़ चूड़ियां में शोक का माहौल बन गया। शहर के व्यापारियों और स्थानीय लोगों ने उनके निधन पर दुख जताया। एक जाने-माने कारोबारी के अचानक दुनिया से चले जाने से पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।



19-11-2026_Layout 1 20-11-2026 00:51 Page 2

पंजाब के पटियाला-संगरूर नेशनल हाईवे पर गुरुवार तड़के बड़ा हादसा!

समाना के पसियाणा के पास भाखड़ा नहर पर बना लोहे का पुल अचानक टूटा, दो ट्रक नहर में लटके

- सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन की बचाव टीमें व फायर ब्रिगेड मौके पर
- वहीं इस हादसे के बाद भाखड़ा नहर का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा

जालंधर सिटी लाइव

पंजाब के पटियाला-संगरूर नेशनल हाईवे पर गुरुवार तड़के बड़ा हादसा हो गया। समाना हलके के गांव पसियाणा के पास भाखड़ा नहर पर बना लोहे का पुल अचानक टूट गया। हादसे के वक्त पुल के ऊपर से दो ट्रक गुजर रहे थे। पुल टूटते ही दोनों ट्रक उसके साथ धंस गए और नहर के ऊपर लटक गए। हादसे के बाद भाखड़ा नहर का पानी पुल के ऊपर से बहने लगा। वहीं, एक ट्रक में आग भी लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन की बचाव टीमें और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचीं। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, किसी के हताहत या घायल होने की पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल दोनों ट्रकों में कितने लोग सवार थे, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर पुल के दोनों तरफ बैरिकेडिंग कर ट्रैफिक बंद कर दिया है। वाहनों को दूसरे पुल की तरफ डायवर्ट किया गया है। बताया जा रहा है कि यह पुल साल 2016 में नेशनल हाईवे के निर्माण के दौरान बनाया गया था। करीब 10 साल बाद पुल के अचानक टूटने से इसकी मजबूती और निर्माण की गुणवत्ता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।



पिछले साल भी पुल में दरारें आने पर हुई मुरम्मत

वहीं, स्थानीय लोगों के मुताबिक पिछले साल भी पुल में दरारें आ गई थीं, जिसके बाद ह.ाढ्ढ की ओर से इसकी मरम्मत करवाई गई थी। लोगों का दावा है कि पुल की जर्जर हालत को लेकर सिंचाई विभाग से कई बार शिकायत भी की गई थी। फिलहाल प्रशासन की टीमें मौके पर राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। हादसे के कारणों की जांच के बाद ही पुल टूटने की असली वजह सामने आ पाएगी।

कनाडा में एक भारतीय नागरिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में जली हुई कार के अंदर मिला शव

- पुलिस को हत्या की आशंका
- वारदात के सबूत मिटाने के लिए उसकी कार को किया गया आग के हवाले
- रॉलिंसन क्रिसेंट के 23300 ब्लॉक में गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली

जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। कनाडा में एक भारतीय नागरिक की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या का मामला सामने आया है। ब्रिटिश कोलंबिया के लैंगली इलाके में एक जली हुई कार के अंदर भारतीय युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान तुषार शर्मा के रूप में हुई है, जो सरे का रहने वाला था। पुलिस को आशंका है कि तुषार की सुनियोजित तरीके से हत्या की गई और वारदात के सबूत मिटाने के लिए उसकी कार को आग के हवाले कर दिया गया। पुलिस अभी तक कोई जानकारी सार्वजनिक नहीं कर पाई है। जानकारी के मुताबिक, 29 अक्टूबर को ब्रिटिश कोलंबिया के लैंगली क्षेत्र में रॉलिंसन क्रिसेंट के 23300 ब्लॉक में एक गाड़ी में आग लगने की सूचना इमरजेंसी सर्विस को मिली थी। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाने के दौरान कार के अंदर मानव अवशेष देखे। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया और मामले की गंभीरता को देखते हुए हत्या की जांच शुरू कर दी गई। मामले की जांच कनाडा की इंटीग्रेटेड होमिसाइड इन्वेस्टिगेशन टीम (IHIT) को सौंप दी गई है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि तुषार शर्मा का कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं था। इसके अलावा कनाडा में भी उनके संपर्क सीमित थे। पुलिस को शक है कि यह कोई सामान्य घटना नहीं, बल्कि पहले से योजना बनाकर की गई हत्या हो सकती है। कार में आग लगाने का मकसद हत्या से जुड़े सबूतों को नष्ट करना हो सकता है।



कनाडा और विदेशों में परिवार से पूछताछ

फिलहाल *तुषार की हत्या के पीछे की वजह सामने नहीं आई है। जांच अधिकारी उनकी मौत से पहले की गतिविधियों और उनसे जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रहे हैं। प्रवक्ता सार्जेंट फेडा फोंग के मुताबिक, जांच टीम कनाडा के अलावा विदेशों में रह रहे तुषार के परिवार के सदस्यों और परिचितों से पूछताछ कर रही है। जांच एजेंसियां हत्या के पीछे के कारण या इसमें शामिल संदिग्धों के बारे में घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने में जुटी हैं।*

देश में स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन की खराब स्थिति पर चिंता

सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार, भारत अमीर देश, लेकिन सफाई के मामले में फिसड्डी !

कमी का असर न केवल समाज पर पड़ता है, बल्कि देश की छवि भी प्रभावित होती है


जालंधर सिटी लाइव

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने देश में स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन की खराब स्थिति पर चिंता जाहिर की है। गुरुवार को सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि भारत एक अमीर देश है, लेकिन सफाई के मामले में हमारा प्रदर्शन संतोषजनक नहीं है। खराब स्वच्छता व्यवस्था और कचरे के उचित प्रबंधन की कमी का असर न केवल समाज पर पड़ता है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश की छवि भी प्रभावित होती है। अदालत ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट नियमों को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कचरे के प्रबंधन से जुड़े नियमों का पालन सुनिश्चित करना जरूरी है, ताकि पर्यावरण और सार्वजनिक स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। यह टिप्पणी जस्टिस एसवीएन भट्टी और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने नगर निगमों की ओर से दायर उन अपीलों पर सुनवाई करते हुए की, जिनका संबंध पर्यावरण नियमों के अनुपालन से है। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स 2026 को लागू करने की निगरानी के लिए शुरुआती दो चरण पूरे किए जा चुके हैं। इनमें नियमों को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करना और उनकी निगरानी के लिए प्रशासनिक ढांचा तैयार करना शामिल है।



बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान करने के निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने जिला कलेक्टरों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में बल्क वेस्ट जनरेटर की पहचान करने का निर्देश दिया है। इस काम को पूरा करने के लिए कलेक्टरों को स्थानीय निकायों के साथ समन्वय बनाकर काम करना होगा। अदालत के निर्देश का उद्देश्य बड़े पैमाने पर कचरा पैदा करने वाली इकाइयों की पहचान करना और उनके कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को नियमों के दायरे में लाना है। इससे ठोस कचरे के निपटारे और पर्यावरण नियमों के पालन की निगरानी को बेहतर बनाया जा सकेगा।



'सरिता-ए-इंसानियत' समारोह के लिए होशियारपुर की डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन को आधिकारिक निमंत्रण सौंपा

27 से 29 नवंबर तक होशियारपुर में होगा 15वां वार्षिक सर्व धर्म समभाव समारोह; सर्वधर्म सद्भाव, राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता और मानवता की सेवा का दिया जाएगा संदेश



जालंधर सिटी लाइव

होशियारपुरः सर्वधर्म समभाव, धार्मिक एकता, राष्ट्रीयता, देशभक्ति और मानवता की सेवा की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर, होशियारपुर में 27, 28 और 29 नवंबर को 15वें वार्षिक सर्व धर्म समभाव समारोह 'सरिता-ए-इंसानियत' का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर परिवार की ओर से होशियारपुर की डिप्टी कमिश्नर आशिका जैन जी को समारोह में शामिल होने के लिए आधिकारिक निमंत्रण सौंपा गया।

तीन दिवसीय यह विशेष आयोजन कन्वीनर डॉ. सूफी राज जैन जी (भारत गौरव रत्न एवं राष्ट्रीय पद्म भूषण सम्मान से सम्मानित) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। समारोह का उद्देश्य सभी धर्मों के प्रति सम्मान, आपसी प्रेम, शांति, भाईचारा, सामाजिक समानता और जरूरतमंदों की सेवा की भावना को मजबूत करना है। 'सरिता-ए-इंसानियत' केवल धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन नहीं, बल्कि मानवता, वफादारी, त्याग, समर्पण और राष्ट्रप्रेम के साझा मूल्यों को समर्पित एक विशेष पहल है। इसके माध्यम से समाज को यह संदेश दिया जाएगा कि धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक विचारधारा के साथ-साथ देश के प्रति प्रेम, समर्पण और नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन भी प्रत्येक व्यक्ति की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। समारोह के दौरान सूफी संदेशों, सर्वधर्म सद्भाव और सामाजिक एकता के माध्यम से देश की एकता एवं अखंडता को मजबूत करने का संकल्प लिया जाएगा। आयोजन में इस विचार को विशेष रूप से आगे बढ़ाया जाएगा कि जब समाज में सभी धर्मों और समुदायों के बीच आपसी विश्वास, सम्मान और सहयोग की भावना मजबूत होती है, तभी एक सशक्त, शांतिपूर्ण और विकसित राष्ट्र का निर्माण संभव होता है। राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए देश की एकता, अखंडता, सांस्कृतिक विरासत और सामाजिक समरसता की रक्षा करना प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। इसी भावना के तहत समारोह में जरूरतमंदों की सेवा, सामाजिक जिम्मेदारियों के निर्वहन और राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक योगदान देने का संदेश भी दिया जाएगा।

इस अवसर पर सर्व धर्म ख्वाजा मंदिर परिवार ने सभी धर्मों, समुदायों और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से समारोह में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। परिवार की ओर से कहा गया कि धर्म और मजहब की सीमाओं से ऊपर उठकर मानवता की सेवा करना, एक-दूसरे की आस्था का सम्मान करना और देश के प्रति समर्पण रखना ही 'सरिता-ए-इंसानियत' की मूल भावना है। समारोह के माध्यम से यह संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा कि आस्था के रास्ते भले ही अलग-अलग हों, लेकिन इंसानियत, प्रेम, सेवा, त्याग, भाईचारे और राष्ट्रप्रेम का उद्देश्य एक ही है। भारत की असली ताकत उसकी विविधता, सांस्कृतिक विरासत और अनेकता में एकता की भावना में निहित है। 'सरिता-ए-इंसानियत' के 15वें वार्षिक आयोजन के माध्यम से सर्वधर्म सद्भाव, राष्ट्रीय एकता, देशभक्ति, सूफीवाद और मानवता के साझा मूल्यों को मजबूत करने के साथ ऐसे समाज के निर्माण का संकल्प लिया जाएगा, जहां धर्म के साथ मानवता और व्यक्तिगत आस्था के साथ राष्ट्रहित को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।



19-11-2026_Layout 1 20-11-2026 00:51 Page 3

WHATSAPP ने किया ग्रुप इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए बड़ा बदलाव

अब 1500 मैंबर्स जोड़ पाएंगे WHATSAPP यूजर्स, एप में आया नया फीचर, लंबे समय से की जा रही थी मांग

जालंधर सिटी लाइव



नई दिल्ली। WHATSAPP ने ग्रुप इस्तेमाल करने वाले यूजर्स के लिए बड़ा बदलाव किया है। कंपनी ने ग्रुप में मेंबर्स को जोड़ने की अधिकतम सीमा बढ़ाकर 1500 कर दी है। इस नए अपडेट के बाद अब यूजर्स एक ही ग्रुप में पहले के मुकाबले ज्यादा लोगों को शामिल कर सकेंगे। यह सुविधा Android और iPhone दोनों यूजर्स के लिए जारी की जा रही है। खास बात यह है कि इस फीचर की मांग लंबे समय से की जा रही थी। खासकर उन ग्रुप एडमिन को राहत मिलेगी, जिन्हें मेंबर्स की संख्या बढ़ने पर नया ग्रुप बनाना पड़ता था। अब तक WhatsApp के एक ग्रुप में अधिकतम 1024 लोगों को ही जोड़ने की सुविधा थी। ऐसे में जिन ग्रुप में सदस्यों की संख्या ज्यादा होती थी, उन्हें अलग-अलग ग्रुप बनाने पड़ते थे। लेकिन नई लिमिट लागू होने के बाद एक ग्रुप में 1500 सदस्य शामिल हो सकेंगे। इस बदलाव से फैमिली, स्कूल, रेजिडेंट वेलफेयर सोसायटी और अलग-अलग कम्युनिटी ग्रुप चलाने वाले लोगों को फायदा मिलेगा। WHATSAPP की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, ग्रुप की नई क्षमता का अपडेट अपने आप यूजर्स तक पहुंच जाएगा। इसके लिए अलग से किसी सेटिंग में बदलाव करने या कोई विशेष प्रक्रिया अपनाने की जरूरत नहीं होगी। कंपनी इस सुविधा को धीरे-धीरे रोलआउट कर रही है, इसलिए आने वाले दिनों में यह अपडेट अधिक से अधिक यूजर्स को मिल सकता है।

ग्रुप चैट को पहले भी आए थे नए फीचर्स

WhatsApp ने हाल ही में ग्रुप चैट को बेहतर बनाने के लिए कई नए फीचर्स पेश किए थे। इनमें जरूरी मैसेज को लंबे समय तक चैट में पिन करके रखने की सुविधा शामिल है। इससे महत्वपूर्ण जानकारी ग्रुप में सबसे ऊपर दिखाई देती रहेगी और सदस्यों को उसे ढूंढने में परेशानी नहीं होगी। इसके अलावा यूजर्स को ग्रुप में स्टेटस अपडेट शेयर करने का विकल्प भी दिया गया है।

पंजाब में पीसीएस परीक्षा को लेकर बड़ा घटनाक्रम आया सामने

पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, पीसीएस मेन्स परीक्षा के नतीजे जारी करने पर लगाई रोक

- 16 दिसंबर तक इंटरव्यू प्रक्रिया पर भी रोक लगाने का आदेश

जालंधर सिटी लाइव



चंडीगढ़ : पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब पब्लिक सर्विस कमीशन (PPSC) की PCS मेन्स परीक्षा के नतीजे जारी करने पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अदालत ने 16 दिसंबर तक इंटरव्यू प्रक्रिया पर भी रोक लगाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने PPSC को परीक्षा से संबंधित पूरा रिकॉर्ड पेश करने के निर्देश दिए हैं। इस फैसले से PCS भर्ती प्रक्रिया में शामिल अभ्यर्थियों के बीच हलचल मच गई है। दरअसल, कुछ अभ्यर्थियों ने PCS मेन्स परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि परीक्षा में चयन प्रक्रिया पारदर्शी नहीं रही। याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने मेन्स परीक्षा का परिणाम जारी करने पर रोक लगा दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि 16 दिसंबर तक इंटरव्यू की प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। इसके साथ ही PPSC को परीक्षा से जुड़े सभी दस्तावेज और रिकॉर्ड अदालत में पेश करने को कहा गया है।

नंबर और परीक्षकों की योग्यता सार्वजनिक करने की मांग

अभ्यर्थियों ने मांग रखी है कि चयनित उम्मीदवारों के प्राप्तांक सार्वजनिक किए जाएं। परीक्षा की कॉपियां जांचने वाले परीक्षकों की योग्यता और संबंधित जानकारी भी सार्वजनिक करने की मांग है। PPSC की ओर से पेश किए जाने वाले रिकॉर्ड और अदालत की अगली सुनवाई पर सभी की नजरें रहेंगी।

याचिकाकर्ताओं ने परीक्षा में कथित गड़बड़ी की जांच CBI या किसी अन्य स्वतंत्र जांच एजेंसी से करवाने की मांग की है। इसके अलावा उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी फुटेज सुरक्षित रखने की अपील की है, ताकि जांच के दौरान किसी तरह के सबूत नष्ट न हों।

जालंधर में न्यू कलगीधर कॉलोनी में आग की घटना में बड़ी अनहोनी टली

जालंधर में क्यूरो मॉल के पास क्यूरो मॉल के पास गोदाम में अचानक आग, डीजे समेत लाखों का सामान खाक

घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची, काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जानी नुकसान से बचाव

जालंधर सिटी लाइव



जालंधर/जतिनः जालंधर में क्यूरो मॉल के पास स्थित न्यू कलगीधर कॉलोनी में एक गोदाम में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। गोदाम में छ्छ्ह का सामान और बड़ी-बड़ी स्क्रीन रखी हुई थीं, जो आग की चपेट में आकर जल गई। घटना की जानकारी मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि हादसे के समय गोदाम के अंदर मौजूद नहीं था, जिससे जानी नुकसान से बचाव रहा। हालांकि, आग लगने के वास्तविक कारणों की पुष्टि नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक, आग लगने की घटना के समय छ्छ्ह संचालक मौके पर मौजूद नहीं थे। उन्हें करीब दोपहर 1 बजे गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। वहां जाकर देखा

टीम ने मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू

गोदाम से धुआं और आग की लपटें उठती देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मचारियों ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मी नरेश कुमार के मुताबिक, तो गोदाम में रखा छ्छ्ह का सामान और स्क्रीन आग की भेंट चढ़ चुके थे। आग के कारण सामान को काफी नुकसान पहुंचा है। हालांकि, अभी तक कुल आर्थिक नुकसान का आकलन नहीं किया गया है।


उन्हें कलगीधर कॉलोनी में गोदाम में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर काफी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया। गोदाम में आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है।

मोहाली में गुरसांझ हत्या मामले में बेहद चौंकाने वाला और दिल दहला देने वाला खुलासा

मोहाली में 2 साल के बच्चे की हत्या की साजिश का पर्दाफाश, पड़ोसी महिला ही निकली कातिल

- जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ दिन पहले ही आरोपी महिला का गर्भपात हुआ था

जालंधर सिटी लाइव



मोहाली। पंजाब के मोहाली में 2 साल के मासूम गुरसांझ की हत्या के मामले में पुलिस ने एक बेहद चौंकाने वाला और दिल दहला देने वाला खुलासा किया है। मासूम की कातिल कोई और नहीं, बल्कि उसी के गांव की रहने वाली एक महिला निकली। पुलिस ने मामले की गहनता से जांच करते हुए आरोपी महिला को दबोच लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि कुछ दिन पहले ही आरोपी महिला का गर्भपात हुआ था, जिसके कारण वह गहरे मानसिक तनाव और गुस्से में थी। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में आरोपी महिला ने अपना जुर्म कबूल करते हुए हत्या की जो वजह बताई, उसने हर किसी को सन्न कर दिया।

रात भर भटकता रहा परिवार, सुबह घर के बाहर फेंका शव

वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी महिला ने किसी को शक न हो, इसलिए बच्चे के शव को अपने ही घर के एक कमरे में छिपा दिया था। उधर, मासूम के गायब होने से बदहवास परिजन रात करीब डेढ़ बजे तक गांव के चप्पे-चप्पे और टिन शेड तक पर उसकी तलाश करते रहे, लेकिन तब कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद शातिर महिला ने सुबह मौका पाकर बच्चे के शव को पड़ोसी की छत और घर के बाहर ले जाकर रख दिया।

खुद की कोख उजड़ने के गम और गुस्से में डूबी महिला से घर के बाहर गुरसांझ का हंसना और खेलना बर्दाश्त नहीं हुआ।

उत्तर प्रदेश में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक बड़ा सड़क हादसा

कोहरे के कारण भीषण सड़क हादसा, बारात ले जा रही बस और दूसरी बस में टक्कर; 15 घायल

- हाईवे पर कम विजिबिलिटी के चलते दो यात्री बसों के बीच जोरदार टक्कर
- दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त, मौके पर मची चीख-पुकार

जालंधर सिटी लाइव



उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में गुरुवार सुबह घने कोहरे के कारण एक भीषण सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर कम विजिबिलिटी के चलते दो यात्री बसों की आमने-सामने से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बसों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस दुर्घटना में कुल 15 लोग घायल हुए हैं, जिनमें से शिवगंगा बस के चालक समेत सात लोगों की स्थिति बेहद गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हाईवे से हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। प्रत्यक्षदर्शियों और पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सुबह के समय हाईवे पर कोहरा काफी घना था, जिससे सामने से आ रहे वाहनों को देख पाना मुश्किल हो रहा था। इसी दौरान बारात लेकर जा रही एक बस और सामने से आ रही शिवगंगा बस अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गई। हादसे के तुरंत बाद आसपास के स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और पुलिस को घटना की सूचना दी।

घायलों को सीएचसी कोपागंज में कराया गया भर्ती


सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस ने एंबुलेंस की सहायता से सभी 15 घायलों को तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) कोपागंज भिजवाया। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने शिवगंगा बस के चालक की नाजुक हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए जिला सिविल अस्पताल रेफर कर दिया है।

जालंधर में श्री गुरु रविदास चौक पर जमकर हंगामा

जालंधर सिटी लाइव

जालंधर/बादलः जालंधर में श्री गुरु रविदास चौक पर जातिसूचक शब्द कहने की बात पर जमकर हंगामा हुआ। एक कारोबारी पर जातिसूचक शब्द बोलने और लाइसेंसी पिस्टल तानने के आरोप लगाते हुए SC समुदाय और प्रवासी लोगों ने मुख्य चौक पर धरना लगा दिया। प्रदर्शन के चलते चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई और सड़कों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुलिस ने मामले में पर्चा दर्ज करने और आरोपी कारोबारी की रिवॉल्वर का लाइसेंस रद्द करवाने की प्रक्रिया का भरोसा दिया है। इसके बाद लोगों ने धरना खत्म कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार, प्रणव चौधरी और बैंक कॉलोनी स्थित शूज फैक्टरी के मालिक वरुण महाजन के बीच विवाद हुआ था। आरोप है कि वरुण महाजन ने प्रणव चौधरी को जातिसूचक शब्द कहे और उन पर लाइसेंसी पिस्टल भी तान दी। इस मामले को लेकर बीते दिन दोनों पक्षों के बीच समझौता करवाने के लिए बातचीत होनी थी। लेकिन कारोबारी ने माफी मांगने से इनकार कर दिया। मामले को लेकर आयूब खान ने आरोप लगाया कि शू मार्केट के प्रधान रविंदर चौधरी और उनके बेटे के साथ जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इस दौरान उन्हें रिवॉल्वर भी दिखाई गई। आयूब खान के मुताबिक, जब वे मामले को लेकर बीते दिन थाने पहुंचे तो वहां पुलिस की मौजूदगी में भी वरुण महाजन ने कथित तौर पर गलत व्यवहार किया। ADCP माधवी शर्मा ने बताया कि करीब 6 दिन पहले दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद बीते दिन समझौते के लिए समय निर्धारित किया गया था। इस दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जातिसूचक शब्द बोलने और पिस्टल तानने के आरोप लगाए। जिस समय यह विवाद हुआ, मौके पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों को भी बुलाया गया है। परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और उनके आधार पर बनती कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को पर्चा दर्ज करने का भरोसा दिया
- जातिसूचक शब्द कहे और उन पर लाइसेंसी पिस्टल तान दी
- बीते दिन दोनों पक्षों के बीच समझौता की बातचीत होनी थी
- परिजनों के बयान के आधार पर बनती कानूनी कार्रवाई होगी
- प्रदर्शन के चलते चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हो गई







19-11-2026_Layout 1 20-11-2026 00:51 Page 4

सीएम भगवंत मान के गढ़ धूरी से भाजपा खोलेगी मोर्चा, पंजाब सरकार के खिलाफ जारी होगी चार्जशीट

सुनील जाखड़ का ऐलान—नशा, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और कानून-व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार को घेरेंगे; जनता की शिकायतों के लिए बनेगा विशेष ऑनलाइन पोर्टल

जालंधर सिटी लाइव


जालंधर। पंजाब में आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री भगवंत मान की अगुवाई वाली आम आदमी पार्टी सरकार के खिलाफ चार्जशीट अभियान शुरू करने की घोषणा की है। इस अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री के अपने विधानसभा क्षेत्र धूरी से की जाएगी। भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चार्जशीट कमेटी के चेयरमैन सुनील जाखड़ ने जालंधर में आयोजित बैठक के बाद यह जानकारी दी। सुनील जाखड़ ने आरोप लगाया कि पंजाब सरकार नशे की समस्या, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और बिगड़ती कानून-व्यवस्था पर प्रभावी नियंत्रण करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में गैंगस्टर गतिविधियां, फिरौती की घटनाएं और उद्योगों का पलायन गंभीर मुद्दे हैं। जाखड़ के अनुसार, भाजपा की चार्जशीट में इन सभी मुद्दों के साथ पुलिस की कथित ज्यादतियों और लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हस्तक्षेप के आरोपों को भी शामिल किया जाएगा। हालांकि, ये भाजपा की ओर से लगाए गए राजनीतिक आरोप हैं, जिनकी स्वतंत्र पुष्टि इस रिपोर्ट में नहीं की गई है। जाखड़ ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुनेंगे। इसके लिए एक विशेष वेबसाइट भी शुरू करने की योजना है, जहां नागरिक अपनी शिकायतें दर्ज करवा सकेंगे। इन शिकायतों के आधार पर सरकार के खिलाफ चार्जशीट तैयार की जाएगी। पार्टी का कहना है कि शिकायतों और आरोपों को संबंधित अधिकारियों तथा कानूनी मंचों तक पहुंचाया जाएगा। चार्जशीट कमेटी की बैठक में पंजाब भाजपा प्रभारी सतीश पूनिया और सह-प्रभारी वीरेंद्र सचदेवा भी शामिल हुए। बैठक में अभियान की रूपरेखा और जनता तक पहुंचने की रणनीति पर चर्चा की गई। जाखड़ ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी पंजाब सरकार के फैसलों को प्रभावित करने का आरोप लगाया। यह आरोप भाजपा नेता का राजनीतिक बयान है।



2027 विधानसभा चुनाव से पहले बढ़ी राजनीतिक हलचल


पंजाब में 2027 के विधानसभा चुनावों को देखते हुए भाजपा ने अपनी राजनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। मुख्यमंत्री भगवंत मान के विधानसभा क्षेत्र धूरी से चार्जशीट अभियान शुरू करने की घोषणा को पार्टी की चुनावी तैयारियों का हिस्सा माना जा रहा है। हालांकि, अभियान शुरू होने की निश्चित तारीख अभी घोषित नहीं की गई है।

SHREE RAM
NEURO CENTRE
NEURO • SPINE • TRAUMA
सही इलाज...
बेहतर कल...
अब अपने शहर जालंधर में
रीढ़ एवं मस्तिष्क
रोगों का सर्वोत्तम उपचार है उपलब्ध
आधुनिक तकनीक | अनुभवी विशेषज्ञ | सुरक्षित इलाज
Dr. Deepashu Sachdeva
(BRAIN & SPINE SURGEON)
हमारी विशेषताएँ
बिना ऑपरेशन के भी इलाज की सुविधा
आधुनिक न्यूरो और स्पाइन सर्जरी
हाई-एंड डायगनोस्टिक सुविधाएँ
व्यक्तिगत और समर्पित देखभाल
आज ही संपर्क करें
श्री राम न्यूरो सेंटर में
98141-75180,
75080-31515
Inside New Ruby Hospital, Link Road, Lajpat Nagar, Jalandhar.
www.drdeepashuneurosurgeon.in





medifacials
LASER HAIR REMOVAL
LASER
moles
pigment
dermatology
Face Toning
acne scar
fatloss
skin care
treatment
tattoo
Cosmetology clinic
HairLoss
skin tags
birthmark
wrinkles
bio peelings
HYDRA FACIAL
Botox
MNRF
PRP
Dr. R.S. CHHABRA
Dermato-Cosmetologist
& Laser Consultant
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
CERTIFIED
NABH



LIVE
the brighter side
of your skin.
LASER beauty
WORLDWIDE
Er. G.S. Chhabra
(FOUNDER)
Dr. R.S. CHHABRA's
LASER & SKIN CARE CENTRE
SKIN, COSMETOLOGY, FAT-LOSS & LASER SPECIALISED CENTRE
Chhabra Hospital & Maternity Home
MATERNITY, FERTILITY (IVF), SKIN, LASER & CHILD CARE CENTRE
22, GUJRAL NAGAR, NEAR T.V. CENTRE, JALANDHAR CITY (PB.)
www.ivfcentrepunjab.com | www.babiesworldivfcentre.com | www.laser2skin.com
For Appointment Call : 99887-14150



Orthonova Hospital
HEAL. REHABILITATE. LIVE BETTER.
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE
NABH
ACCREDITED
ORTHONOVA GETS
A NEW ADVANCED
ROBOTIC SYSTEM
FOR JOINT REPLACEMENT SURGERY
Better Mobility Brighter Future
Benefits of Robotic Assisted Surgery:
Painless
Small Incision
High Accuracy and Precision
New, Perfectly-fitted Joint
Long Lasting Results
More Natural Feeling and Movement
FOR MORE INFORMATION CALL US
+91 78143-89446
Expert Doctors
Advanced Technology
World Class Facilities
Better Recovery
Move Without Pain
Nakodar Road, Nera Nari Niketan, Jalandhar, Punjab | www.orthonova.in